## सार-समाचार

### गुड टच-बैड टच की जानकारी दी

**सीकर** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड सीकर में विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के शासन सचिव वित्त विभाग वरिष्ठ आईएएस नवीन जैन थे। आईएएस जैन 'स्पर्श जागरूकता अभियान' का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जिसके तहत उन्होंने एलन सीकर में आयोजित कार्यशाला में अपने अनुभव साझा किये और अनुचित व्यवहार को पहचानने और जवाब देने के बारे में विद्यार्थियों को शिक्षित किया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रारंभिक शिक्षा और सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अनावश्यक फोन न दें, बच्चों के साथ माता-पिता ऐसा वातावरण रखें कि बच्चे अपनी बात साझा कर सकें। जयपुर से आए डॉ. सौरभ जैन ने कहा कि आपके सामने कोई भी चुनौती हो लेकिन, उसका सामना करने के लिए मानसिक संबल बनाये रखना जरूरी है। कार्यशाला को समग्र शिक्षा एडीपीसी राकेश कुमार लाटा एवं स्पर्श वॉलन्टियर सुनीता रैवाड़ ने भी संबोधित किया। एलन सीकर के एकेडमिक हैड सुरेन्द्र सहारण ने बताया कि विद्यार्थियों को गुड टच और बेड टच के बारे में जागरूक किया जाना एक सराहनीय पहल है। ऐसी कार्यशालाओं न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास मजबूत होता है और वे किसी भी तरह के यौन उत्पीडन से बच सकते हैं। इस मौके पर मेडिकल डिविजन हैड रिषभ शर्मा, जेईई डिविजन हैड आशुतोष कौशिक एवं पीएनसीएफ डिविजन हैड अनिल बैरड़ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रिषभ शर्मा द्वारा किया गया।

### एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**बीदासर** (निसं)। ग्राम पंचायत ढाणी स्वामीयान में महानरेगा योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर मॉडल तालाब के नाम से करोडों की लागत से ढाणी स्वामीयान, रामदेवरा, कोठिनडा, ढाणी पोटलियान, देवली तलाई सहित कुल 5 जगहों पर मॉडल तालाब (जलाशयों) के निर्माण कार्यों व सार्वजनिक जोहड़ में लाखों की लागत से नवनिर्मित कुण्ड निर्माण कार्य में सरपंच हीरा देवी मेघवाल, सरपंच पति मोहनराम व तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी दुलाराम भामूं की अधिकारियों के साथ सांठगांठ के चलते हुए गबन, अनियमितता एवं घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग से तालाबों के पहली बरसात में ध्वस्त होने की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रामदेवरा के सामाजिक कार्यकर्ता जोधाराम जाट व ढाणी पोटलियान निवासी जगदीश प्रसाद पोटलिया ने मंगलवार को जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। पत्र में उल्लेख किया गया कि सरपंच, उसके पति और तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी दुलाराम भामूं द्वारा विकास कार्यों में अनियमितताएं बरतकर जमकर भ्रष्टाचार किया गया और राजकोष को भारी हानि पहुंचाई गई है। ज्ञापन में लिखा है कि शिकायतकर्ताओ की कोई सुनवाई नहीं हो रही है स्थानीय अधिकारियों द्वारा उच्च अधिकारियों को मिथ्या सूचनाएं भेजकर हर बार गुमराह किया जा रहा है। जांच करने आई टीमों द्वारा भी निष्पक्ष जांच नहीं की गई।

### पोस्टर का विमोचन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र में सांपों के बारे में फैले मिथक और सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए सम्पूर्ण भारत वर्ष में सर्प शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। सर्प शिक्षा अभियान के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर प्रो. के के शर्मा पूर्व कुलपति एमडीएस यूनिवर्सिटी अजमेर है। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र भरतपुर पर सर्प शिक्षा अभियान के पोस्टर का विमोचन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नवाब सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर शेखावाटी के प्रसिद्ध सर्प विशेषज्ञ कैलाश चंद सैनी, सर्प शिक्षक जालिम सिंह, डॉ. दिनेश कच्छावा, कृष्णावतार मीना , गोविंद एवं बडी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे।सर्पशिक्षा अभियान के शेखावाटी क्षेत्र के कॉर्डिनेटर सैनी ने बताया कि सर्प शिक्षा अभियान के द्वारा आमजन को जागरूक करके साँपो के बारे में फैले मिथक और सर्प दंश से होनी वाली जनहानि से बचा जा सकता है। सर्पदंश की स्थिति में जल्दी से जल्दी सरकारी अस्पताल में जाकर इलाज करवाये। सर्पदंश का एक मात्र इलाज एन्टी स्नेक वेनम है। यह दवा सभी सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध है। इस दवा के इंजेक्शन लगवाये। मरीज की जान बच सकती है। किसी भी तरह के झाड़-फूंक के चक्कर में ना पड़े।

### उल्लेखनीय कार्य के लिये चुन्नीराम का स्वागत

**चूरू** (निसं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम चूरू आगार में राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगलवार को रोडवेज परिचालक चुन्नीराम महिया का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आगार मुख्य प्रबंधक सुदीप शर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चन्द्रप्रकाश शर्मा, सुभाष भडिया व ओम प्रकाश शर्मा थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुदीप शर्मा ने कहा कि चुन्नीराम ने राजकीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। महिया ने केवल निगम के प्रति ही नहीं बल्कि ड्यूटी के दौरान समर्पित भाव से यात्रियों की सेवा की है। इस अवसर पर अतिथियों ने चुन्नीराम का माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर रामकुमार रूयल, चन्दुलाल, जयलाल बांगड़वा, समाजसेवी दंपति रोहिताष कुमार स्वामी, सरोज स्वामी, देवीलाल, राजेंद्र कुमार स्वामी, रामकिषन स्वामी, हेमलता स्वामी, सुषीला सहित बड़ी संख्या गणमान्य जन व महिया के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तालीम हुसैन ने किया।

### वायुसेना में चयन होने पर सम्मानित किया

**नवलगढ़,** (निसं)। नवलड़ी में भारतीय वायु सेना में चयन होने पर सचिन सैनी पुत्र महेश रोहिडा वाली ढाणी को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर भारतीय सेना से ट्रेनिंग पूरी करके वापिस आए मनोज सैनी पुत्र बुधराम सैनी लोहर्गल वाली ढाणी का फूलमाला और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस एकेडमी से निशुल्क प्रशिक्षण और सुविधा प्राप्त करके और वर्ष 2024 में भारतीय वायुसेना में चार लडके एवं भारतीय सेना में पांच लडके चयनित होकर देश सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। इस मुहिम में बच्चों को ट्रेनिंग देने में राजेंद्र रणवां आर्मी, भरत सैनी सीआरपीएफ एवं समीर जांगिड़ आईटीबीपी से अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर रामवतार जांगिड, प्रहलाद रणवां, बाबूलाल रणवां, शिवकुमार जांगिड, राजेंद्र रणवां, लोकेश सैनी, विजय रणवां उपस्थित रहे।

### स्वेटर वितरण समारोह आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। तहसील के गांव गौरीसर में शहीद राजेंद्र प्रसाद नैण की शहादत की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर ये शहीद स्मारक गौरीसर में श्रद्धांजलि एवं स्वेटर वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक पुसाराम गोदारा ने कहा कि जो लोग देश की सेवा करते हैं और ऐसा करते हुए शहीद हो जाते हैं ऐसे परिवार धन्य है जिन्होंने ऐसे सपूत को जन्म दिया था। उन्होंने कहा कि देशवासियों की रक्षा के लिए जवान अपनी जान की कुर्बानी के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगडवा, कांग्रेस नेता अरविंद चाकलान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सहीराम नैण, रामनिवास, विक्रम पाल थालोड, सरपंच कमलेश, गणपत राम, गोपीराम कासनिया, जगदीश जांगिड, धर्मेंद्र कासनिया सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जरुरतमंदों को कंबल बांटे

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था झुंझुनूं के सौजन्य से मंगलवार को प्रात: लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में स्व. महावीरप्रसाद तुलस्यान एवं पूर्णिदेवी तुलस्यान की पुण्य स्मृत्ति में उनके सुपुत्र शंकरलाल तुलस्यान मुंबई प्रवासी के आर्थिक सौजन्य से लॉयंस भवन चूरू रोड पर जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरण किए गए। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन डॉ. देवें सिंह शेखावत, लॉयन महिपालसिंह, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी सहित अन्यजन उपस्थित थे।

### पंचायत समिति की बैठक तीन को

**पाटन** (निसं)। पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक 3 जनवरी को सुबह 11 बजे पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगी। पूर्व में यह बैठक 30 दिसंबर को आयोजित होने वाली थी परन्तु बाद में अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित गत बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक एजेंडा निम्न प्रकार से है जिसमें पेयजल समस्या, विद्युत समस्या, सघन वृक्षारोपण अभियान 2024, महानरेगा वार्षिक प्लान 2024-25, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग से संबंधित, वन एवं पर्यावरण, खनन विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से संबंधित चर्चा की जाएगी।

# जरूरतमंद की हर छोटी सहायता की भी बड़ी महत्ता : विधायक भांबू

■ श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान की ओर से भामाशाहों की मदद से कंबल, हेलमेट और फूड पैकेट वितरित किए

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा है कि जरूरतमंद की हर छोटी से छोटी सहायता की भी उसके लिए बड़ी महत्ता है।

वहीं समाज के लिए हर सहायता एक प्रेरणा के रूप में देखी जाती है। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान द्वारा किए जाने वाले सामाजिक सरोकारों की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। यह संस्थान प्रवासी और स्थानीय भामाशाहों तथा जरूरतमंदों के बीच एक सेतू का काम कर रहा है।

वर्षभर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की सेवा करने का जो संकल्प श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान पूरा कर रहा है उससे हर व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। भांबू मंगलवार को आदर्श बाल निकेतन स्कूल प्रांगण में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के तत्वावधान में राजधानी क्राफ्ट्स एंड डॉटर्स (लक्कड घराना) की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत हेलमेट वितरण तथा स्व. बालचंद गाडिया परिवार झुंझुनूं-सूरत एवं झुंझुनूं प्रगति संघ सूरत की ओर से कंबल वितरण तथा श्री हनुमानबक्श केशरदेव तुलस्यान झुंझुनूं की ओर से पौष बडा प्रसाद (फूड पैकेट्स) के वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू थे। अति विशिष्ट अतिथि एसपी शरद चौधरी थे।

विशिष्ट अतिथि स्टेट जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान, एसडीएम हवाईसिंह यादव, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलावाला, श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के संरक्षक केशरदेव तुलस्यान, भाजपा नेता मुरारी सैनी, अग्रवाल जन कल्याण कोष के सचिव वरिष्ठ कर सलाहकार श्रवण केजडीवाल, आदर्श बाल निकेतन स्कूल के सचिव परमेश्वरलाल हलवाई आदि थे। एसपी शरद चौधरी ने संस्था की ओर से किया जा रहे सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से सराहना की।

वहीं अन्य अतिथियों ने भी दानदाताओं का पुनीत कार्यों के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल परिसर में स्थापित सरस्वती प्रतिमा पर अतिथियों एवं अन्य उपस्थित जन द्वारा पुष्पांजलि के साथ हुआ एवं अतिथियों तथा दानदाताओं का स्वागत सेवा संस्था की ओर से माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया।

इस मौके पर अतिथियों ने जरूरतमंदों को कंबल और फूड पैकेट बांटे। वहीं दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, रोहिताश्व बंसल, सुनिल तुलस्यान, श्री गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, सचिव विपिन राणासरिया, श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, सचिव नेमी अग्रवाल, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के स्पेशल केबिनेट सेक्रेटरी नरेंद्र व्यास, चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित, मंत्री अशोक तुलस्यान, झुंझुनूं नागरिक मंच के उमाशंकर महमिया, ब्राह्मण समाज के महेश बसावतिया, सुरेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य, दानदाता गाडिया परिवार के अशोक-अनुज गाडिया, सूरत से उत्तम नांगलिया, दानदाता तुलस्यान परिवार के केसर देव देवकीनंदन तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, स्नेहलता तुलस्यान, नेहा तुलस्यान, प्रिषा तुलस्यान, माधव तुलस्यान, आदर्श बाल निकेतन स्कूल कमेटी के अमित जगनानी, मुकेश गुप्ता, संजीव मोदी, हरिश तुलस्यान, महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू के अध्यक्ष सत्यदेव दडिया, स्कूल प्रधानाचार्य अनिता महमिया, प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा आदि मौजूद थे।

# 'शीत लहर एवं पाले से फसल की सुरक्षा के उपाय अपनाएं'

**सीकर** (निसं)। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद सीकर रामनिवास पालीवाल ने बताया कि वर्तमान में राज्य में चल रही शीतलहर एवं मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत फसलों को पाले व शीत लहर के प्रकोप से बचाव के निम्न उपाय अपनाएं-जब पाला पडने की संभावना हो तब खेत में सिंचाई करनी चाहिये। नमीयुक्त जमीन में काफी देरी तक गर्मी रहती है तथा भूमि का तापक्रम एकदम कम नहीं होता है।

इस प्रकार पर्याप्त नमी होने पर शीत लहर व पाले से नुकसान की संभावना कम रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार सर्दी में फसल में सिंचाई करने से 0.5 डिग्री से 2 डिग्री सेल्शियस तक तापमान बढ़ जाता है। जिन दिनों पाला पडने की संभावना हो उन दिनों फसलों पर घुलनशील गन्धक 0.2 प्रतिशत अथवा गंधक का तेजाब 0.1 प्रतिशत की दर से 1000 लीटर प्रति हैक्टयर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करना चाहिये। ध्यान रखें कि पौधों पर घोल की फुहार अच्छी तरह लगे। छिडकाव का असर दो सप्ताह तक रहता है। यदि इस अवधि के बाद भी शीत लहर व पाले की संभावना बनी रहे तो छिडकाव को 15-15 दिन के अन्तर से दोहराते रहें। सरसों, गेहूँ, चना, आलू, मटर जैसी फसलों को पाले से बचाने में गन्धक तेजाब 0.1 प्रतिशत का छिडकाव करने से न केवल पाले से बचाव होता है, बल्कि पौधों में लौह तत्व की जैविक एवं रासायनिक सक्रियता बढ़ जाती है जो पौधों में रोग रोधिता बढ़ाने में एवं फसल को जल्दी पकाने में सहायक होती है। जिस रात पाला पडने की संभावना हो उस रात 12 से 2 बजे के आस-पास खेतों की उत्तरी पश्चिमी दिशा से आने वाली ठण्डी हवा की दिशा में खेतों के किनारे, पर बोई हुई फसल के आस-पास मेडों पर कूडा कचरा या अन्य व्यर्थ घ पास फूस जलाकर धुआं किया जा सकता है। इससे 4 डिग्री सेल्शियस तापक्रम आसानी से बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पौधशालाओं के पौधों एवं सीमित क्षेत्र वाले उद्यानों , नगदी सब्जी वाली फसलों में भूमि के ताप को कम न होने देने के लिय फसलों को टाट, पोलीथिन अथवा भूसे से ढक देवें। वायुरोधी टाटियां, हवा आने वाली दिशा की तरफ यानि उत्तर पश्चिम की तरफ बांधे। नर्सरी, किचन गार्डन में उत्तर-पश्चिम की तरफ टाटियां बांधकर क्यारियों के किनारों पर रात्रि में लगाये तथा दिन में पुन: हटायें। संयुक्त निदेशक कृषि रामनिवास पालीवाल ने बताया कि दीर्घकालीन उपाय के रूप में फसलों को बचाने के लिये खेत की उत्तरी-पश्चिमी मेडों पर तथा बीच-बीच में उचित स्थानों पर वायु अवरोधक पेड़ जैसे शहतूत, शीशम, बबूल, खेजडी, अरडू एवं जामुन आदि लगा दिये जाये।

## जरुरतमंद माताओं को कम्बल वितरित की

**सीकर** (निसं)। शीतकालीन राहत अभियान के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा राजकीय जनाना हॉस्पिटल नेहरू पार्क सीकर में जरुरत मंद माताओं को कम्बल वितरित किए गये।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा राकेश कुमार लाटा ने बताया कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के मार्गदर्शन में विविध सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता है। अस्पताल के इंचार्ज एम सी एच विंग डॉ मनोज कुमार धायल ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यों की सराहना की। सोसाइटी के सदस्य पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड, विनोद नायक, कोषाध्यक्ष पन्ना लाल सारडा, रामगोपाल सोडाणी, परमेश्वर लाल काछवाल, नर्सिंग अधीक्षक मोहम्मद फारुक भाटी, ओमप्रकाश रॉबर्ट, राकेश मेघवाल, सुगन सिंह सहित सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर खाटूश्यामजी में कानून व्यवस्थाएं बनाएं रखने के निर्देश

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर नववर्ष की पूर्व संध्या एवं नववर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसम्बर 2024 एवं एक जनवरी 2025 खाटूश्यामजी की व्यवस्था के सम्बन्ध में मेला आयोजित होने पर राजस्थान सहित विभिन्न प्रदेशों के लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आयेंगे।

खाटू मेला आयोजित होने से पूर्व सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। मेले के दौरान कोई दुर्घटना घटित नहीं हो इसके लिए मेले से पूर्व सभी व्यवस्थाएं करने एवं मंदिर में आमजन को सुगमता से दर्शन हो सके, इस संबंध में संबंधित विभागों द्वारा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी।

जिला कलेक्टर शर्मा के आदेशानुसार दर्शनार्थियों को सुगमता से दर्शन हो सके इस के लिए वृद्धजन एवं दिव्यांगों के लिए अलग से प्रथम लाईन में व्यवस्था की जाये। उनकों किसी तरह की परेशानी नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाये। बैरिकेटिंग की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की जायेगी। मंदिर के सामने यात्रियों के आवागमन को सुव्यस्थित करने के लिए लोहे की बेरिकेंटिंग अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं पुलिस अधीक्षक सुरक्षा के मध्यनजर रखते हुये करेंगे। अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग सीकर सडक मार्ग की मरम्मत व पेचवर्क करवायेंगे। मण्ढा-खाटू एवं चौमूं पुरोहितान मार्ग पर किसी भी प्रकार के भारी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जावें। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने निर्देश दिए कि संपूर्ण मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का कार्य नियमित रूप से किया जावे। डोर-टू-डोर होटल एवं ढाबों के कचरे का निस्तारण का कार्य करना सुनिश्चित करावें। मेले के दौरान अस्थायी पेशाब घर एवं शौचालयों की पर्याप्त सफाई की व्यवस्था की जावें। कचरा पात्रों की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की जायेगी। प्रत्येक धर्मशाला के सामने पर्याप्त संख्या में कचरा पात्र रखवाये जावें। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने निर्देशित किया है कि मेला अवधि तक निरन्तर 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जावें। सडक पर एलईडी लाईट्स लगवाकर रोशनी की जावें। अधीक्षण अभियता, एवीएनएल द्वारा मेला स्थान पर पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। ढीले तार और टेढे पोल्स को व्यवस्थित करवाया जाये। मेला परिसर एवं आम रास्ते से जाने वाली विद्युत लाईन झण्डे आदि को नहीं छूये, यह सुनिश्चित किया जायें।

## सार-समाचार

### नववर्ष के जनसेवा कार्यों की रूपरेखा बनाई

**रतनगढ़** (निसं)। नव वर्ष में निर्धन एवं जरूरतमंदों की सेवार्थ आयोज्य कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए परिषद के सहयोजित सदस्यों की बैठक सोमवार शाम पोद्दार गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। परिषद् के स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने बताया कि पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों ने परिषद् की कार्यकारिणी के निर्णयानुसार कम्बल , स्वेटर वितरण, पौषबडा उत्सव, विद्यालय विकास हेतु संसाधनों की उपलब्धता आदि कार्यक्रमों को व्यवस्थित ढंग से संपादित करने के लिए विचार मंथन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संतोष कुमार इंदौरिया ने कहा कि समाज सेवी कार्यों के लिए धन उपलब्ध करवाने वाले उदारमना दानदाताओं की भावना के अनुरूप समय और श्रम दान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सहयोजित ट्रस्टी समाजसेवी विनोद डागा ने कहा कि समर्पण भाव से कार्य करने वाले पूर्ण सक्रिय सदस्यों से ही संस्था की सार्थकता है, क्योंकि किसी भी योजना का क्रियान्वयन इन्हीं सजग एवं उत्साही कार्यकर्ताओं के द्वारा होता है। मनोज जोशी ने गर्म वस्त्र वितरण व पौषबडा कार्यक्रम की व्यवस्था में सभी से सहयोग का आव्हान किया। परिषद् के कार्यों को गति प्रदान करने तथा स्थानीय आवश्यकता के अनुसार जनसेवी कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त होने पर यथा शीघ्र निर्णय लिए जाने के लिए विष्णु चौधरी, पवन सराफ, गिरधारीलाल बाजोरिया, अरुण रामगढिया आदि ने उपयोगी सुझाव प्रदान किए।

### स्व. डॉ. जेसी जैन की पुण्यतिथि मनाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा मंगलवार को स्वर्गीय लॉयन डॉ. जेसी जैन की छठी पुण्यतिथि पर पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड एवं लॉयंस भवन चूरू रोड पर डॉ. जेसी जैन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। लॉयन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत ने स्वर्गीय डॉ. जेसी जैन द्वारा किए गए सेवा कार्यों की प्रशंसा कर याद किया। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के पूर्व संरक्षक एवं क्लब के प्रेरणा स्त्रोत स्व. डॉ. जेसी जैन की पुण्यतिथि पर लॉयन शकुंतला पुरोहित के आर्थिक सौजन्य से अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद मे 50 प्रभुजनों को निशुल्क भोजन करवाया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, लॉयन डॉ. एनएस नरूका, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन महिपाल सिंह, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयन डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने बिजली बोर्ड पर धरना दिया

**सादुलपूर,** (निसं)। ग्राम पंचायत नवां में कई दिनों से विद्युत समस्याओं से जूझ रहे किसानों ने बिजली बोर्ड के आगे धरना देकर प्रदर्शन किया। मंगलवार सुबह साढे 11 बजे जानकारी देकर बताया कि गांव नवां में 33केवी लाइन बिजली पवार हाउस के पास से गुजरती है, लेकिन 33 केवी लाईन का नवा फीडर में नहीं जोडा जा रहा है, जिसके कारण विद्युत समस्या से किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने पावार हाउस के सामने इकट्ठे होने शुरू हो गये तथा बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। तथा ग्रामीणों ने विद्यायक मनोज न्यांगली को मौके पर बुलाया और समस्याएं से अवगत कराया। विधायक मनोज न्यांगली ने मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारी को बुलाया और समस्या से अवगत करवाया तथा बिजली विभाग भी मौके पर अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों से वार्तालाप की ओर दस दिन में बिजली की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया।

# नीमकाथाना बचाओ संघर्ष समिति की भूख हड़ताल शुरू

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर आज प्रवीण जाखड पूर्व जिला परिषद सदस्य, राजेन्द्र महराणियां, बसंत यादव, राजपाल डोई, और रंधावा सिंह ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ कर धरने को जारी रखा।

नीमकाथाना जिला बनाये रखने के लिये वीर तेजाजी शिक्षण संस्थान, यादव महासमाज, आदिवासी समाज, सैनी समाज एवं व्यापार संघ ने भाजपा सरकार द्वारा जिला हटाने के फैसले से नाराज होकर नीमकाथाना को जिला यथावत रखने को लेकर उप जिलाअधिकारी को ज्ञापन देकर समर्थन दिया। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण हटाये गये सीकर संभाग एवं जिला नीमकाथाना के विरोध मे निर्वाचित जनप्रतिनिधि ममता शर्मा जो कि निर्वाचन क्षेत्र संख्या 3 से पंचायत समिति सदस्य और कोयली देवी जिला परिषद सदस्य सीकर के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 से जिला पार्षद ने त्यागपत्र देकर सरकार से मांग की है कि नीमकाथाना को जिला फिर से बनाये। भाजपा ग्रामीण मंडल चंवरा चौफूल्या विधानसभा विधानसभा क्षेत्र उदयपुरवाटी के अध्यक्ष जतन किशोर सैनी ने अपना इस्तीफा झुंझुनू अध्यक्ष को भेजा है, वहीं डाबला के व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर विरोध जताया है।

नीमकाथाना के फल एवं सब्जी मंडी व्यापार महासंघ ने अनिश्चितकालीन हडताल पर जाने का फैसला लिया है। विधानसभा चुनाव में आरएलपी उम्मीदवार राजेश भाईडा के नेतृत्व में रैली निकालकर नीमकाथाना खेतडी मोड पर टायर जलाकर रोष जताया। जाट समाज की 25 सदस्यों की टीम ने जिला बचाओ संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया है तथा पाटन व्यापार मंडल ने फैसला लेते हुए एक जनवरी को स्वैच्छिक बंद का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय आदिवासी मीणा विकास परिषद ने नीमकाथाना जिला बचाओ संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया है। नीमकाथाना में क्रमिक भूख हडताल को जारी रखने के दूसरे दिन संजीव मोदी पार्षद, विकास कुमावत, राजवीर जाखड, अजय सैनी, मोनू भावरिया भूख हडताल पर बैठेगे।

इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, नरेश फौजी, अवतार गुजर, जगदीश जाखड, अनिरुद्ध यादव, श्रीराम यादव, जेपी यादव, राजेश भाडा विकाश मीणा राधेश्याम शर्मा, मदनलाल सैनी, मालाराम वर्मा, प्रेम यादव, धर्मपाल यादव, , सुरेन्द्र कुड़ी, महबूब खान, गोपाल सैनी, लीलाराम सैनी, श्रीराम यादव, विजय मेहता, रणवीर सिंह, महावीर प्रसाद यादव, एवं सैकडों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा का प्रदर्शन 28 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। एक बार फिर पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा ने आंदोलन का शंखनाद किया है। मंगलवार को झुंझुनूं शहर के ईदगाह के पास बैठक कर पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा ने कहा कि बात चाहे कान्हा पहाड में खनन कार्य बंद करवाने की हो या फिर पीपली चौक में हुए मामले की हो। मुसलमानों, दलितों और कमजोर लोगों को टारगेट बनाकर झुठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे है। कमजोर लोगों की बात की सुनवाई नहीं हो रही। इसके लिए आजादी के बाद मुसलमानों, दलितों व कमजोर लोगों के के साथ नाइंसाफी को अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन 28 जनवरी को किया जाएगा। इस प्रदर्शन से पहले या तो सरकार अपने काम करने के तरीके को सुधार ले। अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई सरकार है। नया राज है। लेकिन यह सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी कानून और प्रशासन नाम की कोई व्यवस्था नहीं है। झुंझुनूं में किस तरह भ्रष्टाचार अधिकारियों ने आबादी के बीच में खान चलाने की परमिशन दी।

## नीमकाथाना जिला निरस्त होने पर लोयल में जश्न का माहौल

■ ग्राम पंचायत लोयल को खेतड़ी तहसील में शामिल करने की मांग

**खेतड़ी,** (निसं)। नीमकाथाना जिला निरस्त होने के बाद ग्राम पंचायत लोयल के ग्रामवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान उन्होंने सामूहिक रूप से खेतड़ी तहसील में शामिल होने की मांग भी उठाई। ग्राम वासियों ने मुख्य बस स्टैंड पर एक सामूहिक बैठक की, जहां यह निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत लोयल को खेतड़ी तहसील में शामिल किया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि खेतड़ी को जिला बनाओ या हमें वीर प्रसूता भूमि झुंझुनूं जिले में ही रखा जाए। आज हमारी प्रथम मोर्चे पर जीत हुई है। खेतड़ीवर्तमान समय मेंजिलाबनने की सभी शर्तें पूरी करने के बावजूद भी सरकार की ओर से की जा रही अनदेखी से आमजन में आक्रोश उत्पन्न हो रहा था। जब सरकार की ओर से नगर पालिका व उप तहसील जैसे क्षेत्रों कोजिलाबनादिया ऐसे में खेतड़ी कोजिलानहींबनाए जाने से खेतड़ी की जनता को गहरा आघात लगा हुआ था। ऐतिहासिक व भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो खेतडी पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है।खेतडीके राजा अजीत सिंह ने स्वामी विवेकानंद को शिकागो के धर्म सम्मेलन में भेज कर सनातन धर्म के प्रचार को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया था, जिसकी वजह से खेतडी की पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनी हुई है। इसके बावजूद भी खेतडी की पहचान को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। खेतडी कोजिलानहींबनाकर सरकार ने क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात किया था।जिलाबनाओ संघर्ष समिति की ओर सेजिलाबनाने को लेकर धरने व प्रदर्शन किए जा रहे थे।इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच महेंद्र काजला, बलबीर काजला, परशुराम रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश दाधीच, भवानी सिंह सुभाष काजला, जसरापुर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र काजला, अशोक जोशी, डॉ जितेंद्र, अरविंद काजला, संजय बाबु, धर्मपाल काजला, हंसराम मास्टर, प्रदीप योगी, सज्जन योगी, सीताराम योगी, सुरेश जांगिड, ओमप्रकाश काजला, लीलाराम सेन, अनिल जांगिड, प्रहलाद मीणा, बूटीराम काजला, सुमेर काजला, रामू सारवान , संदीप कुमार, राजवीर, अनिल कुमार, भुवनेश मनीराम महला, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये

**चूरू** (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में मंगलवार को शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू की अध्यक्षता में अर्थशास्त्री व पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत को वैश्विक मंच पर एक अलग पहचान दी। उन्होंने देश में आर्थिक नवाचारों को प्रभावी तरीके से लागू किया और देश को आर्थिक मंदी से बाहर निकाला। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण ने कहा कि मनमोहन सिंह ने आर्थिक नवाचारों के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। उन्होंने मनरेगा जैसी योजनाओं के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने उस कठिन दौर में देश की कमान संभाली, जब पूरा विश्व आर्थिक रूप से कमजोर था। निर्वतमान उपसभापति प्रतिनिधि रमजान खान ने डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में भूमि अधिग्रहण बिल, मनरेगा, वृद्धावस्था, पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर धांधू, रामप्रताप कांटिवाल, जमील चौहान, शिवकुमार शर्मा, अबरार खां, सीताराम खटीक, आशाराम सैनी, विधाधर मेघवाल, ज्योति सिंह, अजीज दिलावरखानी, असलम खान मोयल, बालीबाई, जाफर खान जोईया, कपिल भाटी, गोकुल शर्मा, विनोद खटीक, घनश्याम अलवरिया, संजय भाटी, युनस खान, सुशील कुमार, मोहन टेलर, चन्दनमल मेघवाल, डूंगरसिंह राठौड, विनोद बालाण, सद्दाम हुसैन, नीरज शर्मा, राजीव बहड, अनीस खान, बाबू खां, विनोद सैनी, यासीन खां, रामचन्द्र सुंडा, महबूब, सुलेमान मणियार, शंकरलाल चंदेलिया, रामचन्द्र सैनी सहित बडी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।